**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 08.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने स्किल इंडिया कार्यक्रम को दो हजार छब्बीस तक जारी रखने और इसके पुनर्गठन को मंजूरी दी।

2. एक ज़िला–एक उत्पाद के तहत देश के प्रत्येक जिले की समृद्ध पाक विरासत को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की शुरूआत।

3. समाज कल्याण विभाग की ओर से सी आर सी में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य यात्रा का शुभारंभ।

और

4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से सम्पत्ति कर, जल शुल्क और बाज़ार किराया का भुगतान करने का आग्रह।

<><><><><><><>

नई दिल्ली मं कल प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। मंत्रिमंडल ने स्किल इंडिया कार्यक्रम को दो हजार छब्बीस तक जारी रखने और उसके पुनर्गठन को मंजूरी दी। दो हजार बाइस–तेइस से दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक आठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये की लागत के साथ इस कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के विस्तार को भी मंजूरी दी

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति के तहत पहचाने गए किसी भी दुर्लभ रोग से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए पचास लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

<><><><><><><>

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से देश के प्रत्येक जिले की समृद्ध पाक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक पहल की शुरूआत कर रहा है, जो एक जिला एक उत्पाद पहल के समान है। यह पहल प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले के अनूठे व्यंजनों, सामग्रियों और खाद्य विशेषताओं को प्रदर्शित करना है, जिससे घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान बढ़े। इस सिलसिले में द्वीपसमूह के लोगों और हितधारकों से सुझाव

आमंत्रित किए गए हैं। सुझाव के साथ व्यंजन का नाम, मूल जिले का विवरण, उत्पाद की विशिष्टता, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता और उत्पाद की तस्वीरें भी भेजने का आग्रह किया गया है। विवरण उद्योग निदेशालय में चौदह फरवरी तक व्यक्तिगत या ईमेल द्वारा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने कल समग्र क्षेत्रीय कौशल विकास केन्द्र–सी आर सी में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य यात्रा का शुभारंभ किया। सुगम्य यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिक दिव्यांगजनों की विभिन्न पहुंच संबंधी आवश्यकताओं को पहचान सके। इस अवसर नोडल अधिकारी रीता देवी ने प्रशासन की पहल और गति को बनाए रखने के लिए यात्रा रणनीति की जानकारी दी।

**बाईट–रीता–22 से0**

कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वीपसमूह के दिव्यांगजनों के आयुक्त सी. उदय कुमार और रविन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर करीब अस्सी दिव्यांगजनों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से आम जनता और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को सम्पत्ति कर, जल शुल्क और बाज़ार किराया का भुगतान करने को कहा गया है। बकाया भुगतान पन्द्रह मार्च तक किया जा सकता है। भुगतान न करने पर परिषद नगरपालिका विनियम और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह नगरपालिका उप–नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका बकाया वसूली अभियान आज से हर शनिवार को सुबह नौ बजे से निर्धारित स्थानों पर चलाया जाएगा।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव ने तिमाही आधार पर प्रत्येक विभाग में मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एनडीआरएफ और एपीडब्ल्यूडी के सहयोग से पशुपालन सेवा निदेशालय में भूकंप और आग की घटना पर पहला मॉक ड्रिल आयोजित किया गया था, जिसमें वास्तविक समय में आग सिमुलेशन परिदृश्य बनाकर विभाग और अन्य हितधारकों की तैयारी के स्तर और प्रतिक्रिया प्रणाली का परीक्षण किया गया। भूकंप और आग की घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद, पशुपालन सेवा निदेशालय की टीमों ने आपातकालीन भूकंप और आग की स्थिति से निपटने के लिए अपने प्रतिक्रिया तंत्र को चालू कर दिया और अग्निशमन और स्वास्थ्य नियंत्रण कक्ष आदि को मॉक घटना की सूचना दी। इस बीच, भूकंप और आग की स्थिति का प्रबंधन करने के लिए पशुपालन निदेशालय

के कर्मचारी और टीम सक्रिय हो गईं बाद में, मॉक ड्रिल को बंद कर दिया गया और उसके बाद एक डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मॉक ड्रिल के पर्यवेक्षकों ने ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में बताया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस द्वीपसमूह में दस फरवरी, को लागू किया जाएगा, जिसके बाद सत्रह फरवरी, को मॉप अप किया जाएगा। इस दौरान स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल की गोली दी जाए। आम जनता से भी अनुरोध किया गया है कि वे एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं को अपना सहयोग प्रदान करें तथा द्वीपसमूह में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए व्यापक प्रचार करें।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित एमएसएमई–विकास और सुविधा कार्यालय द्वारा हाल ही में प्रातरापुर के खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने वाले अट्ठारह ट्रेडों के संभावित पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों और पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अट्ठारह ट्रेडों के पचासी से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

छोलदारी सब–डिविजन में एच टी और एल टी लाइनों के रखरखाव के कारण आज टाइगर फीडर और आउटर फीडर में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती आज सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में टेलराबाद, सीप्पीघाट, छोलदारी, डंडस प्वाइंट, टुसनाबाद से तिरूर, वन्डूर, धन्नीखाड़ी और नया शहर शामिल हैं। इसके अलावा क्षतिग्रस्त ग्यारह के वी ए बी सी को ओवरहेड कन्डक्टर में बदलने के कारण प्रातरापुर, ब्रिचगंज, ब्रुक्शाबाद और चक्करगांव के कुछ भागों में आज सुबह सात बजे से शाम तीन बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य केन्द्र के तहत रिक्त पद को भरने के लिए छह फरवरी को साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। चयनित उम्मीदवारों की सूची विभाग के नोटिस बोर्ड पर दर्शा दी गई है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खातों में तिहत्तर करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाए गए हैं– **डेली टेलीग्राम्स** की पहली हेडलाइन है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों सहित सरकारी संस्थानों में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्यता के बारे में जागृति लाने के समाचार को अखबार ने अपनी पहले पृष्ठ में जगह दी है। लिटिल अण्डमान तहसील के हटबे में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई और अनीमिया मुक्त भारत की दिशा में द्वीपों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दस फरवरी को मनाए जाने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने प्रमुखता दी है। स्वास्थ्य निदेशालय की ओर खाद्य तेल की खपत कम करने के अभियान के समाचार को **इंफो इंडिया** ने पहले पृष्ठ में प्रकाशित किया है। पशुपालन निदेशालय की ओर से भूकम्प एवं आग पर मॉक ड्रिल आयोजित किया गया–**इको ऑफ इंडिया** की खबर है।

<><><><><><><>